संक्षिप्त

संगीतमय णमोकार महामंत्र का जाप

निवाई। जैन धर्म एवं जैन समाज की प्रभावना के लिए जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सन्त निवास नसियां जैन मंदिर पर संगीतमय णमोकार महामंत्र एवं भक्तामर जी पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें संगीतमय णमोकार महामंत्र एवं भक्तामर स्तोत्र पाठ की प्रस्तुतियां दी गई। जैन धर्म प्रचारक सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री की आरती व गुरुभक्ति के साथ भजन कीर्तन किए गए। इसके बाद आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान दिया। इस दौरान शताब्दी समारोह के चलते सभी श्रद्धालुओं ने संगीतमय णमोकार महामंत्र, भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान, भजन कीर्तन, गुरुभक्ति सहित कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुनि हितेन्द्र सागर महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को णमोकार महामंत्र के जाप करवाए। नववर्ष कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी पारसमल पराणा, जितेन्द्र चंवरिया, राधेश्याम मित्तल, प्रेमचंद सोगानी एवं पदमचंद पीपलू ने भगवान आदिनाथ एवं भगवान शांतिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि संगीतमय भक्तामर पाठ में रिद्धि मंत्रों का उच्चारण किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति के साथ मण्डप पर 48 दीपक समर्पित किए। कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने पंच परमेष्ठी एवं भगवान आदिनाथ जी की महाआरती की। इस अवसर पर आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि संसार एवं मोक्ष का सम्पूर्ण व्यवहार विश्वास की आधारशिला पर है। दुनिया में विश्वास के बल पर बड़े से बड़े कार्य सम्पन्न हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकाचार से आध्यात्म तक अपना विश्वास बनाए रखना चाहिए। अतः सच्चे देव शास्त्र एवं गुरुओं के साथ वस्तु स्वरुप पर विश्वास करना निश्चित ही भव सागर पार कर जाओगे। कार्यक्रम में पारसोला, सहित देश भर से आए श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

पोस्ट कार्ड खून से लिखा

कोटपूतली । जिले के संविदा नर्सिंगकर्मियों ने नर्सिंग ऑफिसर व एएनएम की भर्ती पूर्व की भांति मेरिट बोनस व नियम 1965 से विज्ञिप्त जारी कर किये जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर को गुरूवार को पोस्ट कार्ड पर अपने खून से पत्र लिखकर भेजा। जिला संयोजक गौरीशंकर गुर्जर ने बताया कि राजस्थान के संविदा नर्सेज पोस्ट कार्ड पर खून से अपनी मांग रख रहे हैं। नर्सिंग ऑफिसर व पैरामेडिकल भर्ती पूर्व में वर्ष 2013, 2018 व 2023 में मेरिट बोनस के आधार पर हुई थी। आगामी भर्ती भी मेरिट बोनस से करवाये जाने को लेकर मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री को पोस्ट कार्ड के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराने के लिये संविदा नर्सेजकर्मियों ने अपने खून से पत्र लिखकर भेजा हैं। संविदा नर्सेज ने मेरिट बोनस से विज्ञिप्त जारी करने, 1965 नियम में कोई संशोधन नहीं करने की मांग करते हुये कहा कि यदि 1965 नियम में संशोधन किया गया तो जयपुर स्वास्थ्य भवन पर प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार किया जायेगा। इस दौरान रामचंद्र गुर्जर, मनोज यादव, बिजेंद्र रावत, भूपेंद्र सैनी, जयराम जाट, विजेंद्र कसाना, झाबर, कुलदीप शर्मा, प्रकाश गुर्जर, रणवीर, सुमित समेत अन्य नर्सिंगकर्मी मौजूद रहे।

उद्घाटन आज

कोटा, (निसं)। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान की ओर से 2 से 4 जनवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कोटा हाड़ौती ट्रेवल मार्ट का उद्घाटन समारोह का आयोजन शुक्रवार शाम को 5 बजे शौर्य घाट, रिवर फ्रंट पर होगा। उद्घाटन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, उपमुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री दिया कुमारी, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, होटल फेडरेशन के पदाधिकारी एवं पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने डीआईजी का पद संभाला

कोटपूतली । कोटपूतली- बहरोड़ जिले के पुलिस कप्तान देवेन्द्र कुमार बिश्नोई को विभागीय पदौन्नित समिति की रिपोर्ट के आधार पर उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पद पर पदौन्नत किये जाने पर बिश्नोई ने गुरूवार को नववर्ष पर विधिवत् रूप से डीआईजी पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर जिला पुलिस

■ **बीएसएफ में कार्य कर चुके एसपी बिश्नोई को सुरक्षा व पुलिसिंग का लम्बा अनुभव रहा है**

अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर पुलिस टुकड़ी द्वारा उनका गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। वहीं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों, जिला वासियों, मीडियाकर्मियों समेत आमजन द्वारा एसपी का स्वागत- अभिनंदन करते हुये नववर्ष की बधाई दी गई। उल्लेखनीय है कि बीएसएफ में कार्य कर चुके एसपी बिश्नोई को सुरक्षा व पुलिसिंग का लम्बा अनुभव रहा हैं। उन्होंने अपने अनुभव से जिले की कानून व्यवस्था को अधिक सशक्त बनाया हैं। वर्ष 2012 बैच के आईपीएस बिश्नोई बेहद सख्त, अनुशासित व जमीन से जुडे हुये कुशल अधिकारी हैं। मूल रूप से हरियाणा के हिसार जिले के रहने वाले बिश्नोई का जन्म 24 मई 1967 में हुआ था। हिसार के डीएन कॉलेज से बीएससी (बोटनी) की शिक्षा के बाद एलएलबी तक शिक्षा ठाहण करने वाले बिश्नोई ने बीएसएफ में सेवायें देने के बाद राजस्थान पुलिस में बतौर आरपीएस अधिकारी शामिल हुये थे।

बाद में पदौन्नत होकर आईपीएस एवं अब डीआईजी पद पर पदौन्नत हुये हैं। इससे पूर्व वे बीकानेर स्थित आरएसी बटालियन में कमान्डेंट पद पर लम्बे समय तक सेवायें दे चुके हैं। साथ ही झुन्झुनु, गंगापुर सिटी, पुलिस मुख्यालय जयपुर, यातायात पुलिस जयपुर, एसीबी बीकानेर, भरतपुर, अजमेर आदि जिलों में पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न पदों पर अपनी सेवायें दे चुके हैं। वहीं गुड गर्वनेंस की प्राथमिकता वाले अधिकारी भी माने जाते हैं। उन्होंने जिले में अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही, त्वरित पुलिस रेस्पोंस, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण व जनता में विश्वास बहाली जैसे उल्लेखनीय कार्य किये हैं।

कोटपूतली- बहरोड़ जिले के पुलिस कप्तान देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने डीआईजी का पदभार संभाला ।

नववर्ष की शुभकामनाएं दी

निवाई। नव वर्ष के आगमन पर सुबह से दिनभर नववर्ष 2026 की बधाईयां एवं शुभकामनाएं देने का दौर जारी रहा। नववर्ष 2026 को लेकर युवक-युवतियों ने मोबाइलों पर मैसेज, व्हाटस एप, फेसबुक एवं फोन पर एक दूसरे को नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। नववर्ष वर्ष 2025 का रात 12 बजते ही शहर में युवाओं द्वारा आतिशबाजी के धमाकों के साथ स्वागत किया। ज्यों ही रात के 12 बजे शहर में बस स्टेंड, अहिंसा सर्किल, बड़ा बाजार, चौहट्टी बाजार, गणगौरी बाजार, बिलाला मार्केट, शिवाजी कालोनी, इंदिरा कॉलोनी एवं सार्वजनिक स्थानों पर युवाओं ने धमाकेदार आतिशबाजी करके नववर्ष का स्वागत किया।

सांभरझील में सोनोलॉजिस्ट की नियुक्ति की मांग

सांभरझील, (निसं)। जयपुर ग्रमीण सांसद राव राजेंद्र सिंह को भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश माली के नेतृत्व में एक टीम सांभर में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पहुंची और बताया कि उप जिला अस्पताल सांभर में करीब 1 साल से सोनोग्राफी मशीन धूल फांक रही है। सोनोलॉजिस्ट की नियुक्ति करवाने की कृपा करें, ताकि क्षेत्र की जनता का भला हो सके। बता दें की सांभर में भाजपा के नेताओं का जबरदस्त वर्चस्व है, खुद सीएम से उनकी करीब करीब आए दिन व्यक्तिगत तौर पर बातचीत और

■ **अस्पताल सांभर में करीब 1 साल से सोनोग्राफी मशीन धूल फांक रही है**

मुलाकात भी होती रहती है। सांभर से 30 किलोमीटर दूर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा से तो यहां कई लोगों के मित्रता पूर्ण संबंध है। पूर्व विधायक निर्मल कुमावत का तो पूर्व सांसद लालचंद कटारिया और प्रेमचंद बेरवा से तो गहरी दोस्ती है, जो जग जाहिर भी है। यह भी बताना जरूरी है कि कुछ नेताओं की तो हर डिपार्टमेंट के बड़े-बड़े अधिकारियों से सीधी पकड़ है। यानी "कान पकड छाली"। यहां के नेताओं में इतना पॉलीटिकल पावर है कि एक बार तो सरकार के निर्णय को भी चुनौती देने और उसको पलटने की ताकत भी रखते हैं। इसके बावजूद 20 साल से सांभर अस्पताल में सोनोठाफी मशीन अभी तक चालू नहीं करवा सके। लोगों का कहना है कि ऑर्थोपेडिक्स व सर्जन जिसकी सबसे ज्यादा अस्पताल को जरूरत होती है वह 2047 तक भी आएगा या नहीं इस बारे में भी कोई गारंटी नहीं है।

सड़क सुरक्षा माह अभियान

दौसा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान सीख से सुरक्षा, टेक्नॉलाजी से परिवर्तन का शुभारम्भ गुरूवार को प्रादेशिक परिवहन कार्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रदर्शनी लगाकर किया गया, जिसमें आमजन व परिवहन विभाग में दैनिक कार्य के लिए आने वाले आगन्तुकों को सड़क सुरक्षा नियमों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नितिन कुमार बोहरा ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के दौरान जनवरी को जीरो मृत्यु माह के रूप में मनाया जाएगा। 31 जनवरी तक पूरे माह सड़क सुरक्षा संबंधित कार्यक्रम कलेंडर के अनुसार सम्पादित किये जाएंगे। विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम के साथ स्लोगन, पोस्टर, निबंध, ऑनलाईन क्विज एवं विद्यार्थियों द्वारा माता-पिता को यातायात नियमों की पालनार्थ पत्र लेखन प्रतियोगिता एवं शिक्षकों का सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में करवाये जाएंगे। प्रदर्शनी स्थल पर संयमित एवं सुरक्षित सड़क उपयोगकर्ता के लिए सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है ताकि सेल्फी के माध्यम से सोशल मीडिया द्वारा भी सड़क सुरक्षा जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जा सके। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की राहवीर योजना के संबंध में कार्यालय में आने वाले आगंतुकों को जानकारी भी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के नाम खून से पोस्टकार्ड लिखें

नर्सिंग ऑफिसर ने सीएम के नाम मांगों को लेकर ज्ञापन भेजा।

दौसा। मेडिकल संविदा निविदा प्रदेश महासंघ (नर्सिंग ऑफिसर एवं एएनएम संवर्ग) के प्रदेशाध्यक्ष राकेश सैनी एवं प्रदेश संयोजक अरबाज खान के नेतृत्व में गुरुवार को रामकरण जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय में नर्सिंग ऑफिसर एवं एएनएम संवर्ग ने मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के नाम खून से पोस्टकार्ड लिखकर नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में मैरिट प्लस बोनस अंकों से करवाने व 1965 के नियम को यथावत रखने की मांग की।

प्रदेश अध्यक्ष राकेश सैनी बनियाना एवं प्रदेश संयोजक अरबाज खान ने बताया कि मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री के नाम खून से पोस्ट कार्ड लिख कर नर्सिंग भर्ती की मेरिट प्लस बोनस के आधार पर करवाने की

■ **नर्सिंग ऑफिसर एवं एएनएम संवर्ग ने सीएम के नाम खून से पोस्टकार्ड लिखकर नर्सिंग ऑफिसर भर्ती मैरिट प्लस बोनस अंकों से करवाने की मांग की**

मांग की, ये अभियान पूरे राजस्थान में चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्य से सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष विजय मीना ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीना, उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा से मुलाकात की और अपनी समस्या को मजबूती से उनके सामने रखा। उन्होंने आश्वासन दिया कि हम आपके साथ गलत नहीं होने देंगे आपका भविष्य खराब नहीं होने देंगे। राजस्थान सरकार ऐसा कोई फैसला ना करे जिसका नुकसान सरकार को हो। जिला मीडिया प्रभारी कपिल सैनी ने बताया कि 2 बजे से प्रदर्शन किया गया। जिसमें सीनियर नर्सिंग ऑफिसर धर्मपाल मीना, जिला अध्यक्ष महेंद्र मीणा, रामावतार मीना, प्रदेश अध्यक्ष राकेश सैनी बनियान, प्रदेश संयोजक अरबाज खान, जिला अध्यक्ष विजय कुमार मीना, 108 से सियाराम गुर्जर, जगराम गुर्जर, नरेंद्र, उपाध्यक्ष हुकुम पोसवाल, जनता क्लीनिक से नारायण सैन भगवती शर्मा, विनोद सहित अनेक कार्मिक उपस्थित रहे।

प्रागपुरा में जाम के खिलाफ पुलिस का कड़ा एक्शन, सर्विस रोड सहित मुख्य मार्गों पर सख्ती से कार्रवाई

पावटा। कस्बे में लगातार लग रहे जाम और आमजन को हो रही परेशानियों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत जाम का कारण बन रहे वाहनों और अव्यवस्थित पार्किंग के खिलाफ कडी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान राजमार्ग के दोनों ओर स्थित सर्विस लेन एवं नेशनल हाईवे पर प्रागपुरा थाना पुलिस बल ने सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया, वहीं नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए। बार-बार लगने वाले यातायात जाम से आमजन को राहत दिलाने के उद्देश्य से प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने बुधवार को प्रागपुरा थाना पुलिस टीम के साथ पावटा शहर का पैदल दौरा किया। इस दौरान राजमार्ग के दोनों ओर स्थित सर्विस लेन एवं नेशनल हाईवे पर नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रभावी

थाना प्रभारी भजनाराम के नेतृत्व में 147 वाहनों के चालान किए।

■ **पुलिस ने सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटावाकर यातायाता सुगम बनाया**

कार्रवाई की गई। थानाप्रभारी भजनाराम ने बताया कि लंबे समय से हाईवे और सर्विस लेन पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, वहीं आए दिन जाम की स्थिति बनने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। इसी गंभीर समस्या को देखते हुए पुलिस द्वारा यह विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 147 वाहनों के चालान काटे गए। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया तथा अवैध रूप से खड़े वाहनों को तत्काल हटवाकर सड़क मार्ग को पूरी तरह खाली कराया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सकी। थानाप्रभारी भजनाराम ने वाहन चालकों से सख्त अपील करते हुए कहा कि वे केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें। तथा सड़क, सर्विस लेन एवं नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से वाहन खड़े न करें।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-9458 दिनांक-31.12.2025
जाहिर आम-सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर में आवास/फ्लेट संख्या HE-505 (HIG), (क्षेत्रिय 72.26 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री टी.एम. खत्री पुत्र स्व. श्री दासूमल के क्रिय जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 9307 दिनांक 20.02.2013 को जारी किया गया। श्री टी.एम. खत्री द्वारा श्री छैतर मल जागा पुत्र श्री भैरीलाल जागा के दिनांक 27.03.2014 को मुक्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री छैतर मल जागा के द्वारा मुक्त्यारनामा आम की हैसियत से श्री टी.एम. खत्री के पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक-द्वादश, जयपुर के यहाँ दिनांक 10.07.2025 को पंजीकृत करवाये गये। श्री छैतर मल जागा द्वारा मुक्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास/फ्लेट को दिनांक 06.09.2025 के द्वारा श्रीमती रामधनी जागा पत्नी श्री कृष्ण कुमार जागा को विक्रय कर उप पंजीयक-द्वादश जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती रामधनी जागा द्वारा उक्त आवास/फ्लेट को दिनांक 04.11.2025 के द्वारा श्री रामसिंह पुत्र श्री लैलाराम को विक्रय कर उप पंजीयक द्वादश जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। अतः/कोई श्री रामसिंह पुत्र श्री लैलाराम द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास/फ्लेट में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः उक्त आवास/फ्लेट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानो हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री रामसिंह पुत्र श्री लैलाराम का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम रूपेश कँवर शेखावत से बदलकर रूपेश कँवर पत्नी श्री जितेन्द्र सिंह शेखावत रख लिया है निवासी 122, गायत्री नगर, जोड़ला पावर हाउस, हरमाडा, जयपुर भविष्य में इसी नाम से जाना वह पहचाना जावेगा एफिडेविट नंबर सीजी 268901

मैंने सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम ओमप्रकाश ढोली से बदलकर ओमप्रकाश राव रख लिया है। निवासी इंदौली तह. मालपुरा जिला टोंक-304502 (राज.)

मैं वंदना दुबे, पत्नी अनिल कुमार दुबे, निवासी ग्राम डीही, पोस्ट-मऊ, तहसील-सिरमौर, जिला-रीवा, मध्य प्रदेश ने 24.11.2025 को कलेक्ट्रेट परिसर, रीवा (म.प्र.) के सामने एक हलफनामें के जरिए अपना नाम वंदना दुबे से बदलकर वंदना पांडे कर लिया है।

I Bapat Vaibhav Ajitrao R/o 102-A Kasturba nagar Nirman Nagar Jaipur Declare that in my passport my name is entered as Vaibhav Bapat S/o Ajitrao Bapat Now I want to correct my name as Bapat Vaibhav Ajirao S/o Bapat Ajit Krushnarao for all purposes. vide affidavit 31.12.2025 Jaipur.

रजि. नं. 3240/एल आम सूचना दि. 01.01.2026
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिरोही गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड की योजना अमृत विहार कालवाड़ में भूखण्ड संख्या 76 का आवंटन पत्र, रसीद, साईड प्लान गुम होना बताया गया है। जो नवाब खाँ पुत्र श्री यासीन खाँ जयपुर के नाम से आवंटित था। उक्त भूखण्ड को नवाब खाँ की मौत होने बाद उनके वारिसों से उस्मान गनी पुत्र श्री फैयाल मोहम्मद निवासी उस्मान कॉलोनी गंगीपुर ने जरिये विक्रय पत्र क्रय कर लिया। उस्मान गनी ने गुमसुदगी दर्ज करवाकर डुप्लीकेट आवंटन पत्र के लिए समिति में आवेदन किया है। किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में समिति कार्यालय पर मय दस्तावेज प्रमाण उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। इसके बाद कोई आपत्ति करेगा तो प्रभाव शून्य व अमान्य होगी और आवंटी के पक्ष में डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर दिया जायेगा व पूर्व में जारी आवंटन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।
सिरोही गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
तहसील - आमेर, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त - तृतीय,
जे.एल.एन. मार्ग, जयाहर सर्किल के पास, जयपुर- 0141-4901853
क्रमांक 5269 आम जाहिर सूचना दिनांक 31.12.2025
राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर आवास संख्या - 1 / ख / 12 जवाहर नगर जयपुर, का आवंटन श्री मनोहर लाल बरेजा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 341 दिनांक 27.02.1974 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पाद कार्यालय उप पंजीयक जयपुर नगर में दिनांक 27.10.1976 को करवाया गया। श्री मनोहर लाल बरेजा की मृत्यु दिनांक 25.02.2023 को हो जाने कारण श्रीमती चित्रा शर्मा पत्नी श्री जितेन्द्र शर्मा, श्रीमती उदिता घेई पत्नी श्री अनन्जय घेई एवं श्रीमती शालिनी हरीजा पत्नी श्री दीपक हरीजा पुत्रीन् श्री मनोहर लाल बरेजा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र एवं रजिस्टर्ड वसीयतनामा की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती चित्रा शर्मा पत्नी श्री जितेन्द्र शर्मा, श्रीमती उदिता घेई पत्नी श्री अनन्जय घेई एवं श्रीमती शालिनी हरीजा पत्नी श्री दीपक हरीजा पुत्रीन् श्री मनोहर लाल बरेजा के पक्ष में आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत्त तृतीय रा. आ. मण्डल जयपुर

Notice
I, Seema Meena, wife of Kamlesh Meena, am a permanent resident of Village Santha, Tehsil Mahwa, District Dausa, Rajasthan. I solemnly declare that in my husband's service records, my name has been incorrectly recorded as Seema Devi and Seema Devi Meena. Whereas, in my Aadhaar Card, PAN Card, and educational documents, my name is correctly recorded as Seema Meena. In the future, I request that I be known and referred to only by the name Seema Meena.
Affidavit No.: 05331

खोया पाया
मेरे भूखण्ड संख्या S42C जेडीए की योजना सेज विलेज खटवाडा की पंजीकृत वसीयत (पुष्पा ओबेरॉय से जैमिनी ओबेरॉय) जयपुर में खो गई है मिलने पर सूचित करें। जैमिनी ओबेरॉय- 9829015441

संक्षिप्त वाद में सम्मन
(आदेश 37 नियम 02 व्य.प्र.स.)
न्यायालय श्रीमान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गुलाबपुरा।
दावा बाबत- वसूली
प्रकरण सं. 15 सन् 2024
भारतीय स्टेट बैंक खारीग्राम गुलाबपुरा वादी
बनाम
रामकिशन मीणा प्रतिवादी
रामकिशन मीणा पुत्र श्री हरि नारायण मीणा पता-मीणा मौहल्ला, आगरा रोड, गोलछा गार्डन के सामने, घाट की गुणी, जयपुर (राज.)। प्रतिवादी
अतः वादी ने सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के आदेश 37 के अधीन आपके विरूद्ध 9,98,590/- अक्षरे नौ लाख अठ्यान्वें हजार पांच सौ नम्बो रूपये और ब्याज के लिए वाद संस्थित किया है। आपको समन किया जाता है कि आप इस समन की तामील होने की तारीख से दस दिन के अन्दर उपसंजात (हाजिर) हो। यदि आप ऐसी नहीं करेंगे तो उक्त दस दिन या कालावधि के अवसान के पश्चात वादी को 9,98,590/- रूपयों से अनधिक राशि के लिए खर्चों के बाबत विधि अनुसार रूपयों की राशि के लिए ब्याज सहित यदि कोई हो, जैसा न्यायालय आदिष्ट करें, डिग्री अभिप्राप्त करने का हकदार होगा। यदि आप उप संजात होते है तो वादी तत्पश्चात आपको निर्णय के लिए सम्मन तामिल करेगा जिसकी सुनवाई के समय तुम वाद की प्रतिरक्षा करने की इजाजत के लिए न्यायालय से समावेदन करने के लिए हकदार होंगे। यदि तुम शपथ पत्र द्वारा या अन्यथा न्यायालय का यह समाधान कर देते हो कि वाद की प्रतिरक्षा गुणागुण के आधार पर की जा सकती है या यह युक्तियुक्त है कि आपको प्रतिरक्षा करने के लिए अनुज्ञा दी जाना चाहिए तो प्रतिरक्षा करने की इजाजत दी जा सकेगी। आज दिनांक 2 माह 12 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर प्रदत्त किया गया है।
-न्यायाधीश
अपर जिला न्यायाधीश, गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा (राज.)

कार्यालय नगर निगम जयपुर
(नन्दपुरी रेल्वे अण्डरपास के पास, जगतपुरा, जयपुर)
क्रमांक :- जसअ / 2025 / 396 दिनांक: 30.12.2025
ई-निविदा सूचना संख्या - 108 व 109/2025-26
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपर्युक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदाताओं से अधिशाषी अभियन्ता जगतपुरा जोन से संबंधित विकास कार्यो हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदाओं को (sppp.rajasthan.gov.in) पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है।
(UBN No.-JMC2526WSOB02393 To JMC2526WSOB02394)
अधिशाषी अभियन्ता
जगतपुरा जोन
नगर निगम जयपुर
राज.संवाद / सी / 25 / 16899

कार्यालय नगरपालिका मण्डल मनोहरपुर जिला जयपुर
E-mail : npmanoharpur@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- न.पा.मनो./2025-26/2714 दिनांक :- 26.12.2025
-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका मनोहरपुर क्षेत्र में स्थित विभिन्न भूखण्डों की निम्नानुसार पत्रावली / प्रार्थना पत्र मय साईट प्लान राजस्थान नगरीय क्षेत्र कृषि भूमि के अकृषि उपयोग के अनुज्ञा एवं आवंटन नियम 2012 के तहत् निस्तारण हेतु विचाराधीनहै

क्र.सं.	नाम	पिता / पति का नाम	पता	क्षेत्रफल	विषय
1.	श्री रामगोपाल यादव	श्री गणपत लाल यादव	श्री श्याम रेजिडेंस, मनोहरपुर P-16	104.47 वर्गमीटर आवासीय	नियमन
2.	श्री रामगोपाल यादव	श्री गणपत लाल यादव	श्री श्याम रेजिडेंस, मनोहरपुर P-17	104.47 वर्गमीटर आवासीय	नियमन
3.	श्री मोहन लाल यादव	श्री कालूराम यादव	श्री श्याम मार्केट, मनोहरपुर S-140	30.08 वर्गमीटर वाणिज्यक	नियमन
4.	श्रीमति लछमा देवी	श्री जयराम	श्री श्याम रेजिडेंस, मनोहरपुर P-19	104.47 वर्गमीटर आवासीय	नियमन

उक्त भूमि के नियमन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति है तो वह आपत्ति को सबूत मय लिखित में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अवधि पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं तदानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा।
उक्त सूचना आज दिनांक 26.12.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मुहर द्वारा प्रसारित किया गया।
राज.संवाद / सी / 25 / 16848
अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
क्रमांक-न.नि.भ./स्कीम/2025-26/19799 दिनांक-30.12.2025
सार्वजनिक विज्ञप्ति
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न भूखण्डधारियों द्वारा अपने भूखण्ड का नाम परिवर्तन बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस भूखण्ड का नाम परिवर्तन आवेदकों के पक्ष में करने पर किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के सात दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा आवेदक के पक्ष मं भूखण्ड का नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

क्र. सं.	आवेदक	योजना का नाम	आवासी/ व्यवसायिक भू.सं.	क्षेत्रफल वर्गगज में	एप्लीकेशा नम्बर
1	पूनम मीना/अशोक कुमार मीना	रनजीत नगर	D81C	217.19	166193
2	दानवीर सिंह/उदय सिंह	न्यू पुष्वाटिका फेज-1	354	126.33	166118
3	राजवाला/राजवीर सिंह	स्टेडियम नगर	10	133.33	165995
4	संजीव अग्रवाल/प्रभु दयाल अग्रवाल	रनजीत नगर	A120	266.66	165969
5	जमुना दास/परमानंद	केन्द्रीय बस स्टेण्ड	6	22.22	156132
6	मुकेश चंद शर्मा/ भगवान लाल शर्मा	कुम्हेर गेट वर्क शॉप	48	16